# राम के संग सीता | By Rakesh Kala |

राम के संग सीता और लक्ष्मण प्यारे
वन की ओर चल पड़े वनवास को हो सारे

हमको हे केवट नाव में बिठा लो
नाव चला कर उस पार पहुँचा दो
नाव चला कर उस पार पहुँचा दो
तुम बिन कैसे पहुँचेंगे किनारे
वन की ओर चल पड़े वनवास को हो सारे

बात तके केवट आएंगे राम प्यारे
सिया राम के उसने पैर पखारे
सिया राम के उसने पैर पखारे
नाव चलाए केवट राम को निहारे
वन की ओर चल पड़े वनवास को हो सारे

राम ने केवट को जब दी उतराई
मुद्रिका का उतारी केवट को थमाई
मुद्रिका का उतारी केवट को थमाई
मना करे केवट, मुद्रिका न स्वीकारे
वन की ओर चल पड़े वनवास को हो सारे

जैसे मैंने पार लगाया प्रभु तुमको
वैसे ही तुम पार लगाना राम मुझको
वैसे ही तुम पार लगाना राम मुझको
जब हम आए राम शरण तिहारे
वन की ओर चल पड़े वनवास को हो सारे

राम के संग सीता और लक्ष्मण प्यारे
वन की ओर चल पड़े वनवास को हो सारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b8%e0%a5%80%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-rakesh-kala/